भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 216
दिनांक 02 फरवरी, 2021 को उत्तरार्थ

ग्राम स्वराज अभियान की प्रगति

†216. श्री महेश साहू:

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ओडिशा में ग्राम स्वराज अभियान की प्रगति के संबंध में ब्यौरा देगी;

(ख) विभिन्न क्षेत्रों के तहत लाभान्वित होने वाले ग्रामीणों का जिले-वार तथ्यात्मक ब्यौरा क्या है; और

(ग) उन गांवों की संख्या क्या है जो अभी तक इनसे लाभान्वित नहीं हुए हैं?

उत्तर

पंचायती राज मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ग) ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में 14 अप्रैल से 05 मई, 2018 तक 'ग्राम स्वराज अभियान' आयोजित किया गया था और 01 जून, 2018 से इसे 117 आकांक्षी जिलों में विस्तारित किया गया था। ग्राम स्वराज अभियान के दौरान विशेष प्रयास के रूप में प्रमुख गरीब-उन्मुखी कार्यक्रम नामत: प्रधान मंत्री उज्जवला योजना, पीएम सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य), उजाला स्कीम, पीएम जन धन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना और मिशन इंद्रधनुष के तहत पात्र परिवारों/ व्यक्तियों को संतृप्त करने के प्रयास किए गए थे। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार, विस्तारित ग्राम स्वराज अभियान के तहत ओडिशा राज्य में विभिन्न खण्डों हेतु लाभार्थियों की जिलावार संख्या **अनुबंध** में दी गई है। इन जिलों में पीएम सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) के मामले को छोड़कर लाभार्थियों की संख्या पूरी हो चुकी है।

*****

अनुबंध

ग्राम स्वराज अभियान की प्रगति के संबंध में दिनांक 02.02.2021 को लोक सभा में उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 216 के उत्तर में संदर्भित विवरण

विस्तारित जीएसए के तहत कवर किए गए ओडिशा के जिलों के नाम	पीएम उज्जवला योजना (कुल कनेक्शन)	पीएम सहज बिजली हर घर योजना (कुल कनेक्शन)	उजाला स्कीम (कवर किए गए गांवों की संख्या)	पीएम जन धन योजना	पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना (लाभार्थियों की संख्या)	पीएम सुरक्षा योजना (लाभार्थियों की संख्या)	मिशन इंद्रधनुष (वैक्सीन लगाए गए बच्चों की संख्या)	मिशन इंद्रधनुष (वैक्सीन लगाई गई गर्भवती महिलाओं की संख्या)
बालान्गीर	44238	19209	474	38121	19225	50457	5182	1466
ढेंकनाल	25291	39423	386	20575	18626	37260	2618	727
गजपति	10135	6007	82	6636	2482	10697	636	172
कालाहांडी	43206	19892	484	63928	7569	29962	4350	1589
कंधमाल	16295	7192	87	8363	2977	7128	533	98
कोरापुट	40869	32687	342	26912	3436	16162	1743	524
मलकानगिरी	20353	10220	146	8341	963	4713	771	126
नवरंगपुर	57932	34565	425	47684	17842	44386	8863	1798
नुआपाड़ा	18420	8173	250	22896	10782	18656	4214	720
रायगड़ा	18398	11753	131	9694	7564	12744	1162	257

****